दिन– रविवार | दिनांक– 01/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से उत्पन्न हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात केंद्रीय रक्षा समिति की बैठक करेंगे।

02 ईरान पर अमरीका और इजरायल के हमले को देखते हुए मध्य–पूर्व में स्थित भारतीय दूतावासों में भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने का केन्द्र सरकार ने परामर्श जारी किया।

03. रंगो के त्योहार होली को लेकर बाजारों में रौनक। अबीर, गुलाल, पिचकारी, कपड़ों और मिठाईयों की बिक्री बढ़ी।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में भारत का मुकाबला वेस्टइंडीज से हो रहा है।

---

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमरीका और इस्राएल के हवाई हमलों में मौत हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। खबरों के अनुसार, इन हमलों में ईरान के लगभग चालीस अधिकारी भी मारे गए हैं। हमारी संवाददाता ने बताया है कि ईरान में चालीस दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

———बाइट———

खबरों के मुताबिक, ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत अमरीका और इस्राएल के संयुक्त हवाई हमले के बाद हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य और सरकारी ठिकानों को निशाना बनाया गया। एक वरिष्ठ इस्राएली अधिकारी के अनुसार, खामेनेई का शव बरामद कर किया गया है। इससे पहले, राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में, इस्राएल के प्रधानमंत्री बेन्यमिन नेतन्याहू ने कहा था पश्चिम एशिया में तनाव तेजी से बढ़ गया और पूरे क्षेत्र में व्यापक जवाबी कार्रवाई हुई। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के कार्यालयों के पास तेहरान समेत कई शहरों में विस्फोटों की खबर मिली। ईरान सरकारी मीडिया ने कम से कम दो सौ एक लोगों की मौत और सात सौ से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना दी है। समाचार कक्ष से फरहत नाज़।

---

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपने वीजा के विस्तार या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। यह परामर्श पश्चिम एशिया के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए जारी किया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

---

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से उत्पन्न हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात केंद्रीय रक्षा समिति की बैठक करेंगे। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की इस बैठक में मध्य पूर्व के हालात पर चर्चा होगी।

---

पश्चिम एशिया में भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से ईरान पर अमरीका और इस्राएल के हमले को देखते हुए परामर्शों का पालन करने की अपील की है। इन दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से कहा है कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और अनावश्यक आवाजाही से बचें। दूतावासों ने किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर और ई–मेल भी जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

इस्रायल में भारतीय दूतावास +972–54–7520711 पर संपर्क किया जा सकता है। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास का नंबर हैं +989932179359. संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी के भारतीय दूतावास का टोल–फ्री नंबर 800–46342 । सऊदी अरब के रियाद स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है– 00–966–11–488–4697 । कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है– 00974–556–475–02 । फ़लस्तीन के मामले में, रामल्ला स्थित भारतीय प्रतिनिधि कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क के लिए ई–मेल है– बवउउनदपजल.ानूपज/उमं.हवअ.पद और हेल्पलाइन नंबर है– +965–655–019–46। बहरीन स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है– 00–973–394–180–71 । समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

---

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रा परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया है कि पश्चिम की ओर जाने वाली उडानों में देरी हो सकती है या समय में बदलाव हो सकता है। यात्रियों को उडान के बारे में ताजा स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे सटीक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट न्यू दिल्ली एयरपोर्ट डॉट इन देख सकते हैं।

---

इधर, ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद भारत में कश्मीर, लखनऊ, मुम्बई और कर्नाटक में शिया समुदाय के लोगों ने सड़को पर विरोध प्रदर्शन किया है। दिल्ली में ईरान सांस्कृतिक भवन के बाहर लोगों ने खामेनेई के निधन पर बैठक की। राष्ट्रीय जनता दल ने भी ईरान पर अमरीका और इजराएल के हमले को पूरी मानवता के विरूद्ध हमला करार दिया है। राजद के सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि भारत ने अपना एक दोस्त खो दिया है। इधर, लोजपा–रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि भारत कभी भी युद्ध के पक्ष में नहीं रहा है। श्री पासवान ने कहा कि सिर्फ सार्थक बातचीत से ही सभी मुद्दों का हल निकाला जा सकता है।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर दो मार्च से प्रस्तावित दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। यह फैसला बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूदा परिस्थिति के मद्देनजर लिया गया है। बोर्ड ने कहा है कि स्थिति के आकलन के बाद परीक्षा की नयी तारीख घोषित की जायेगी।

---

विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देश में अब आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में विद्युत मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए तीस गीगावाट अतिरिक्त बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिछले पन्द्रह वर्षों के दौरान ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में पैंतीस प्रतिशत से अधिक की कमी आई है।

---

पूर्वी चंपारण के कृषि विज्ञान केंद्र पीपराकोठी में समेकित कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और फसल बीमा जैसी योजनाओं की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अब बिचौलियों की भूमिका कम हुई है और पारदर्शिता बढ़ी है। श्री सिंह ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज पचहत्तरवां जन्म दिवस है। उनके जन्मदिन पर पटना समेत पूरे राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। जदयू कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। पटना के रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री के जीवन और संघर्ष पर आधारित कॉफी टेबल बुक– मीर–ए–कारवां का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की गई। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले इक्यावन लाख बच्चों को पोशाक वितरित किये किये गए। जीविका दीदियों द्वारा तैयार पोशाक वितरण अभियान की शुरूआत पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर और बगहा से की गई। वहीं, भवन निर्माण् मंत्री अशोक चौधरी के सरकारी आवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्म दिवस पर बधाई दी है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री को जन्म दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि उनकी अध्यक्षता में एनडीए सरकार बिहार का तेजी से विकास कर रही है।

———बाइट———

वहीं, लोजपा–रामविलास सहित अन्य दलों की ओर से मुख्यमंत्री को जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की है।

–––बाइट–––

इधर, विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी मुख्यमंत्री को जन्म दिवस की शुभकामना दी है।

–––बाइट–––

---

रंगो के त्योहार होली को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में चहल–पहल देखने को मिल रही है। राज्य में होली का त्योहार चार मार्च को मनाया जायेगा। बाजारों में रंग–गुलाल, पिचकारी, कपड़े, मेवा की खरीदारी खूब हो रही है। खासकर बच्चों के लिए कार्टून डिजाईन वाली पिचकारियां और इको फ्रेंडली रंग लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार इसबार प्राकृतिक और हर्बल रंगों की मांग पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। लोग त्वचा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित रंगो को प्राथमिकता दे रहे है। मिठाई बनाने वाले कारीगर भी होली के दौरान गुजिया, नमकीन और विभिन्न प्रकार की मिठाईयों को तैयार करने में व्यस्त है।

---

होली के अवसर पर सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग ने परामर्श जारी किया है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और बिजली की लाइनों के नीचे या उनके आसपास होलिका दहन नहीं करें। परामर्श में कहा गया है कि आग की लपटों से बिजली के तार और केबल के जलने या टूटने की गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ऊर्जा सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों और अभियंताओं को निर्देश दिया है कि होली के दौरान किसी भी सूरत में अनावश्यक बिजली कटौती न हो और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

---

होली और रमजान को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेन्द्र राणा ने संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर उन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात करें। साथ ही ऐसे इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी का निर्देश भी दिया गया है। आईजी ने वाहनों की जांच में भी तेजी लाने को कहा है।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से हो रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। ताजा समाचार मिलने तक वेस्टइंडीज ने सात ओवरों में बिना विकेट खोये 61 रन बना लिये है।

---

भागलपुर पुलिस ने पीएम किसान योजना का पैसा लाभुकों के खाते से अवैध रूप से निकासी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के वारसलिगंज मोहल्ला से गिरफ्तार किया है।

---

जहानाबाद कृषि कार्यालय में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला आज संपन्न हो गया। इस मेले में लगभग पैंतीस लाख रूपये के कृषि मशीनों की बिक्री हुई।

---

सहरसा के नौहटा थाना क्षेत्र के पिपराही गांव से गायब हुई पांच नाबालिग बच्चियों को रेल पुलिस की मदद से लखनऊ से सुरक्षित बरामद किया गया है।

---

पूर्णियां जिले के बायसी थाना क्षेत्र के दालकोला चेकपोस्ट पर जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन से एक करोड़ बीस लाख रूपये से अधिक के मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

नवादा जिले के कौआंकोल थाना क्षेत्र के दनियां जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर सात सौ पचास लीटर महुआ शराब बरामद की है। वहीं, बक्सर के सिकरौल थाना क्षेत्र के निहालपुर से तेरह सौ लीटर से अधिक विदेशी शराब जब्त की गई है।

---

01. ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से उत्पन्न हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात केंद्रीय रक्षा समिति की बैठक करेंगे।

02 ईरान पर अमरीका और इजरायल के हमले को देखते हुए मध्य–पूर्व में स्थित भारतीय दूतावासों में भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने का केन्द्र सरकार ने परामर्श जारी किया।

03. रंगो के त्योहार होली को लेकर बाजारों में रौनक। अबीर, गुलाल, पिचकारी, कपड़ों और मिठाईयों की बिक्री बढ़ी।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में भारत का मुकाबला वेस्टइंडीज से हो रहा है।

---

समाप्त